दिन–गुरूवार दिनांक– 05 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में पिछले पांच दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में भागलपुर, बांका, पूर्णियां, किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। सबसे अधिक भागलपुर के सोनहौला में एक सौ छियानवे मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, पूर्णियां के ढेंगराघाट में एक सौ पंचानवे और भागलपुर के सबौर में एक सौ सत्तर मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा, पुनपुन और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण जिले में गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं, कैमूर जिले के कई हिस्सों में बाढ़ के हालात बन गये हैं। जिले से होकर गुजरने वाली कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां उफान पर हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दुर्गावती नदी का पानी रामपुर प्रखंड के निचले इलाकों में फैल गया है। भभुआ शहर के भी कई मुहल्ले जलमग्न हैं। वहीं, जिले के भभुआ और चैनपुर थाना क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी। जिले के ग्यारह प्रखंडों में राहत और बचाव कार्य के लिए आपदा प्रबंधन और मेडिकल टीम का गठन किया गया है। अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पुनपुन नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से कई गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वहीं, जहानाबाद में लगातार हो रही बारिश से वर्षों से सूखी जमुना नदी लबालब भर गयी है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिवसीय दौरे पर आज पटना में हैं। श्री नड्डा बापूसभागार में कैलाशपति मिश्र की जन्जशताब्दी पर आयोजित समारोह में शामिल हो रहे हैं। इससे पूर्व पटना पहुंचने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और अश्विनी कुमार चौबे, पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा, हरी साहनी, रविशंकर प्रसाद और सुशील कुमार मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने श्री नड्डा का स्वागत किया। जयंती शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने के बाद श्री नड्डा पार्टी की राज्य कोर समिति और भाजपा विधायकों की बैठक में शामिल होंगे।

सीतामढ़ी से जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने जातीय गणना के आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जारी रिपोर्ट में तेली–साहू समाज की जनसंख्या दो दशमलव आठ एक प्रतिशत दिखाई गयी है, जो कहीं से भी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें मिल रही हैं कि गणना के समय कई टोलों और मुहल्लों में गणना कर्मी नहीं गये। उन्होंने कहा कि आठ अक्टूबर को तेली–साहू समाज के लोग इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ज्ञापन सौंपेंगे।

चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारत चौथे स्थान पर बना हुआ है। भारतीय दल ने अब तक बीस स्वर्ण, इकतीस रजत और बत्तीस कांस्य पदक सहित कुल तेरासी पदक जीते हैं। आज भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एशियाई खेलों में भारत का यह अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

सीबीआई ने गोपालगंज जिले के कटैया थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष सुमन मिश्रा और एएसआई प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों पर वर्ष दो हजार इक्कीस में थाना के हाजत में एक अभियुक्त राजनाथ शर्मा को मारकर उसका शव गायब करने का आरोप है।

मुजफ्फरपुर जिले के गरहां थाना पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किये जाने के मामले में पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पैंतीस नामजद और पचास से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

आज राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय जलीय जीव गांगैय डॉल्फिन के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष पांच अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। डॉल्फिन दिवस के अवसर पर भारतीय जुलोजिकल सर्वे कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।